प्राचार्य कार्यालय,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा- 803115
E- mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक – 1337 पावापुरी, दिनांक 26 / 09 / 2026

कोटेशन आमंत्रण सूचना

श्री विमलेश कुमार झा, कुलसचिव, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पटना, बिहार के द्वारा प्राप्त पत्र (पत्रांक 1589 दिनांक 18.09.2026) तथा दिनांक 22.09.2026 को आहूत क्रय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के पठन–पाठन के सतत अनुश्रवण हेतु कुल **छः Facial & Finger Biometric Device** का क्रय एवं अधिष्ठापन (Software के साथ) किये जाने हेतु निबंधित फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

कार्य – इस कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्रियों / उपकरणों की आपूर्ति करनी होगी –

S.N.	Particulars	Quantity
1	Facial & Finger Biometric Device	6 Pcs
2	Cat 6 Cable (Wire)	1 Coil (305 Mtr)
3	Network Switch	6 Pcs
4	Installation with Software	6 Device

प्रभारी पदाधिकारी, छात्र शाखा के द्वारा निदेशित निर्दिष्ट स्थलों पर सभी मशीनों को अधिष्ठापित (Software के साथ) करना होगा। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री / उपकरण किसी Reputed Company की तथा उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। आपके द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री / उपकरण की कंपनी का नाम, मात्रा, मूल्य, अधिष्ठापन शुल्क (Software के साथ) प्रति मशीन के साथ उल्लेख करना अनिवार्य है। विपत्र पर नियमानुसार GST अलग से देय होगा। **समेकित रूप से न्यूनतम दर दाता (L_1) फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा।**

कोटेशन संस्थान के पते (प्राचार्य, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्राम एवम् पोस्ट – पावापुरी, (जल मंदिर के समीप), पिन कोड – 803115, जिला – नालन्दा, बिहार) पर स्पीड पोस्ट / बंद लिफाफे में हाथों हाथ द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। कोटेशन दिनांक **05 / 10 / 2026** को अपराह्न **05:00** बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने / तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु मो० नं० **8668753033** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

26/9/26

प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – 1337 पावापुरी, दिनांक 26 / 09 / 2026

प्रतिलिपि – श्री विकास कुमार, M.E.P. कर्मी, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

26/9/26

प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान
पावापुरी, नालन्दा।